धर्म | शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, गूंजा भगवान आदिनाथ का जयघोष

# आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक पर उमड़ी आस्था, धर्ममय हुआ शहर







**नवभारत,जबलपुर।** प्रथम तीर्थंकर, असि-मसि-कृषि के प्रेरणास्रोत और आदि पुरुष भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म-तप कल्याणक जैन समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान श्री आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक समारोह समिति के तत्वावधान में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दरहाई से राष्ट्र संत दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 105 निर्दोष सागर जी, मुनि श्री निर्लोभ सागर जी तथा मुनि श्री निरुपम सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक चौधरी विजयचंद और लायन नरेन्द्र जैन द्वारा रथ एवं पालकी में विराजमान भगवान श्री आदिनाथ जी की आरती से हुई। इसके बाद भगवान आदिनाथ के जयघोष से वातावरण गूंज उठा और शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ी।श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या इसमें शामिल होकर भक्ति भाव से चल रही थी।

### झांकियों और रजत रथ ने खींचा ध्यान

शोभायात्रा के आगे धमाल पार्टी, उपदेश बैनर, धर्मध्वजाएं और अश्व पर धर्मध्वजा लिए बालक आकर्षण का केंद्र बने। धार्मिक भजनों की प्रस्तुति करता बैण्ड दल, ढुल-ढुल घोड़ी, भगवान श्री आदिनाथ जी, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज एवं निर्यापक मुनि सुधा सागर जी के चित्रों से सजी झांकियां शोभा बढ़ा रही थीं। इसके साथ ही धूप घट, अहीर नृत्य, पालना झांकी, दिव्य घोष तथा विभिन्न वेशभूषा में महिला परिषद की टीम ने भी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया।

### रजत पालकी में विराजित भगवान की हुई अगवानी

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर (बरियावाला), श्री नन्हे जैन मंदिर, जाप मंडल, श्री चन्द्रप्रभु जैन मंदिर संगम कॉलोनी और लार्डगंज जैन मंदिर की रजत पालकी के साथ ही श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर चौधरी दरहाई तथा श्री शासनोदय तीर्थ हनुमानताल के भव्य रजत रथ में विराजमान भगवान आदिनाथ की प्रतिमा शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। मार्ग में जगह-जगह श्रावकों ने रंगोली सजाकर, आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर भगवान की अगवानी की।

### मंदिर पहुंचकर हुआ अभिषेक-पूजन

प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा पुन: मंदिर पहुंची, जहां भगवान श्री आदिनाथ जी के जन्म कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा मार्ग में जल, फल और मिष्ठान का वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की गई।

### बड़ी संख्या में समाजजन रहे शामिल

शोभायात्रा में आयोजक डॉ. ऋषभ चौधरी, लायन नरेन्द्र जैन, विनय सक्सेना, अमरीश मिश्रा, रज्जू सराफ, दिगम्बर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन, राजेन्द्र जैन, अनिल जैन, शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ, जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष नितिन बेटिया, गौरव जैन, चक्रेश नायक, सुबोध कामरेड, डॉ. संजय जैन, डॉ. स्वप्निल जैन, सुनील गढ़वाल, मनीष जैन, रवि चौधरी, सतीश जैन नेता, पराग जैन, पदम जैन, पंकज विद्यार्थी, आजाद जैन, अखिलेश जैन, विशाल, विकास, विवेक, वैभव चौधरी, संजय चौधरी, जय कुमार, दिनेश जैन पैयाजी, सेठ संजय जैन, मुकेश और प्रदीप ड्योढिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जुमातुल विदा आज : 100 से ज्यादा मस्जिदों में अदा होगी नमाज

तेइसवां रोजा 13 मार्च जुमा
रोजा अफ़्तार, 6 :24 बजे
सहरी सुबह, 4 :51 बजे

**नवभारत,जबलपुर।** रमजान शरीफ के जुमातुल विदा के मौके पर नगर एवं उपनगर की 100 से ज्यादा मस्जिदों और नमाजगाहों में आज दोपहर करीब डेढ़ बजे जुमा की नमाज अदा की जाएगी। इस अवसर पर सभी मस्जिदों में हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करेंगे। मस्जिदों में रमजान शरीफ का खुतबा पढ़ा जाएगा और अलविदा जुमे की खास दुआएं भी की जाएंगी।

### व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने प्रशासन को लिखा पत्र

मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत डॉ. मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त को पत्र भेजकर ईद के दिन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने ईदगाह कला रानीताल, गोहलपुर, सदर, गढ़ा ईदगाह सहित मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों और बस्तियों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की अपील की है।

## नववर्ष पर खंडा चौक का अनावरण समारोह कल



**नवभारत,जबलपुर।** गुरुनानक शाही कैलेंडर के अनुसार गुरुद्वारा गोरखपुर में आगामी 14 मार्च को प्रात: 7.30 बजे से 9.45 बजे तक नववर्ष एवं चैत्र मास की पवित्र संग्रांद के उपलक्ष्य में कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा जिसमें बीबी कंवलजीत कौर, शाहबाद, मार्कण्डेय वाले एवं हुजूरी रागी जत्था बलजीत सिंह गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे । प्रात: 10 बजे खंडा चौक एवं श्री गुरु तेग बहादुर मार्ग का अनावरण होगा। इस आयोजन में लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे । इसकी पूर्व संध्या पर 13 मार्च को रात्रि 7.30 बजे से 10.15 बजे तक पहला कीर्तन दरबार होगा । गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। जबलपुर सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिख यूथ विंग एवं सिख सेवक जत्था ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है।

### एक नजर में



## एनडीआरएफ ने केबल कार पर किया सघन मॉक अभ्यास

**नवभारत, जबलपुर।** विगत गुरुवार को 11वीं एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में जिलाधिकारी कार्यालय जबलपुर नर्मदा रोपवे भेड़ाघाट में विभिन्न हितधारक संस्थाओं के साथ केबल कार की परिकल्पना पर आधारित एक सघन मॉक अभ्यास आयोजित किया। इस अभ्यास में पूर्व जिला प्रशासन के सहयोग से पुलिस,अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी प्रमुख हितधारक एजेंसियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभा किया इस दौरान टीम के मार्गदर्शन में आये कुलदीप सिंह , उप कमांडेंट एनडीआरएफ ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य आपदा से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन, प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना, उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना तथा सभी हितधारक एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर आपात स्थित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है इस मॉक अभ्यास में सामान्य निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी, एनडीआरए.फ़ विजय नागदेवे रोपवे प्रबंधक भेड़ाघाट, सुनील गर्ग आपादा प्रबंधन जबलपुर के मार्गदर्शन में की गई।



## कर्मचारी संघ ने की प्रबंध संचालक से भेंट

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह से भेंट कर कर्मचारियों और पेंशनर्स के हितों पर चर्चा की। इस दौरान डायरेक्टर कामर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में यू.के. पाठक, विमल महापात्र, अनूप वर्मा, दिनेश दुबे, उमाशंकर दुबे, मोहित पटेल, बी.एम. तिवारी, योगेश पटेल, एस.के. यादव और अक्षय श्रीवास्तव शामिल थे। मनजीत सिंह ने कहा कि कंपनी कर्मचारियों और पेंशनर्स के हित में लगातार कार्य कर रही है तथा कैशलैस बीमा योजना में अच्छे अस्पताल जोड़े जा रहे हैं। महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि योजना में देशभर के अच्छे अस्पताल शामिल किए जाएं तथा जो कर्मचारी, पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स अभी शामिल नहीं हो सके हैं उन्हें दोबारा आवेदन का अवसर दिया जाए। उन्होंने इमरजेंसी में गैर-पैनल अस्पतालों में इलाज की स्थिति में भी निर्धारित सहायता देने का आग्रह किया।



## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने किया सांकेतिक अनशन

**नवभारत,जबलपुर।** तहसीली चौक पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं रा.दु.वि.वि. छात्र परिषद् संयोजक धीरज सिंह ठाकुर ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने के लिए एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल की। धीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा और भविष्य में अधिवक्ता साथी इसे और तेज़ करेंगे। उन्होंने शिवपुरी में अधिवक्ता पर हुए हमले को न्यायिक तंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि जब अधिवक्ता सुरक्षित नहीं हैं, तो पक्षकारों की सुरक्षा और न्याय की उम्मीद कैसे की जा सकती है। आंदोलन में म.प्र. हाईकोर्ट के उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी और वरिष्ठ अधिवक्ता पी.सी. पालीवाल ने समर्थन किया। एडवोकेट असीम त्रिवेदी ने कहा कि अधिवक्ता संविधान के स्तंभ हैं और शिवपुरी घटना बेहद दुखद है। अनशन में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। आंदोलन में राधेश्याम अग्रवाल, सतेन्द्र ज्योतिषी, अमन शर्मा, भावना निगम, अशोक तोमर, रामरतन यादव, गोपाल हूंका, रेनूवाला सिंह, राजेश दुबे, दीपक रघुवंशी, रविन्द्र दत्त, सचिन यादव, आर.डी. सिंह, विनित टेहनगुरिया, चित्रांश श्रीवास्तव, यशवर्धन जैन, डी.के. परोहा, जयेश तिवारी, सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय साहित्य में महिला साहित्यकारों का योगदान अद्वितीय

वर्तिका महिला प्रकोष्ठ द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** वर्तिका महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय साहित्य जगत में महिलाओं का योगदान अद्वितीय, स्मरणीय और प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने न केवल साहित्य को समृद्ध किया बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए जनमानस को जागरूक किया महिला साहित्यकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से सामाजिक अन्याय, महिलाओं के अधिकार, स्वतंत्रता संग्राम और मानवीय संवेदनाओं को भी सशक्त रूप में प्रस्तुत किया है कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर छाया सिंह एवं अध्यक्षता छाया त्रिवेदी द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि के रूप में शशिकला सेन एवं अमित सिंह बाबा मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण द्वारा विचार रखे गए संस्थागत उद्बोधन विजय नेमा एवं अतिथियों का स्वागत संतोष नेमा द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा अखिलेश श्रीवास्तव, सरस्वती वंदना तरुणा खरे एवं आभार मदन श्रीवास्तव जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ सरिता अग्निहोत्री, डॉ सुनीता गुप्ता, एड. प्रभा खरे, रजनी कटारे, अनुराधा गर्ग, अमित सिंह बाबा, ज्योति, प्यासी, गोवर्धनसिंह फ़ौदार सच्चिदानन्द, प्रकाश सिंह ठाकुर, प्रो शरद नारायण खरे, डॉ कृष्ण कुमार नेमा आदि मौजूद रहे।

## शोभा पुन : जिला अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत, जबलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें शोभा उपाध्याय को उनके सक्रिय और सराहनीय कार्यों को देखते हुए जबलपुर शहर का जिला अध्यक्ष पुन: नियुक्त किया गया है। शोभा उपाध्याय अपने कार्यकाल में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में पीड़ित महिलाओं की सहायता और संगठन को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी कार्य करेंगी।



## छात्रवृत्ति परीक्षा : 33 में से 15 छात्रों का चयन

संदीपनी मेडिकल स्कूल के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की

**नवभारत, जबलपुर।** हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय माध्यमिक छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) में संदीपनी मेडिकल स्कूल से 33 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 15 छात्र सफल हुए। जिसमें सिद्धार्थ रजक, रौनक राजपूत, मानसी, अटल, स्वस्तिक, शिवा, देवांश, तन्मय, अमृता, यश रजक, यश नाथ, रुद्रराज, विशेष, वेदांत, वैभव नामदेव शामिल हैं। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य किरण राव, उप प्रधानाचार्य शैलेश पाठक, रेखा शर्मा, आभा जैन और समस्त शिक्षकों ने बच्चों को प्रेरित और प्रशिक्षित किया। शिक्षक सुजान सिंह सहित सभी शिक्षकों की अथक मेहनत और बच्चों की लगन का परिणाम ही यह शानदार उपलब्धि है। स्कूल ने यह आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार बच्चों की मदद और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

## युवाओं और समाजसेवियों ने किया 48 यूनिट रक्तदान

इंडियन कॉफी हाउस, योगमणि ट्रस्ट और यूथ हेल्प फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** इंडियन कॉफी हाउस करमचंद चौक में इंडियन कॉफी हाउस, योगमणि ट्रस्ट एवं यूथ हेल्प फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों की भागीदारी से कुल 48 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र जामदार ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने अस्पतालों में रक्त की कमी को देखते हुए समाज के सभी वर्गों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर म. प्रकाशन, यूथ हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष एड. आशुतोष पाण्डेय, संजय दुल्हनी, डॉ. अमितोष और कल्पना द्विवेदी सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### पेयजल समस्या के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या और जल-जनित बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कार्यपालन यंत्री पीएचई ने कहा कि जिला स्तर पर स्थापित यह कंट्रोल रूम के फोन नंबर 0761-2344814 पर संपर्क कर सकते हैं, ताकि संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके।

### ब्राह्मण एकता मंच का होली मिलन एवं बैठक 15 को

**नवभारत, जबलपुर।** 15 मार्च दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से कोतवाली थाने के सामने, सरकारी अस्पताल के पीछे ,पानी की टंकी के नीचे ब्राह्मण एकता मंच का होली मिलन उत्सव एवं शोभा यात्रा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। मंच ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## मसाला और सगंधीय फसलों पर संगोष्ठी आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में उद्यान शास्त्र विभाग और सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय के सहयोग से मसाला और सगंधीय फसलों की प्रौद्योगिकी प्रसार विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन एकीकृत उद्यानिकी विकास मिशन के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा और अध्यक्षता संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतू ने की।

मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि मसाला और सगंधीय फसलों के उत्पादन को बढ़ाने तथा जिले में इनके क्षेत्र विस्तार की आवश्यकता है। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. जी.के. कौतू ने मसाला फसलों में मूल्य संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उगाई जा रही मसाला फसलों की जानकारी दी और बताया कि इनकी खेती से पारंपरिक खेती की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने मिर्च, धनिया और सौंफ की उत्पादन तकनीक पर आधारित तकनीकी पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को पौध सामग्री, जैविक उर्वरक और संबंधित साहित्य वितरित किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय और विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति बारचे, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्य प्रदेश शासन की डॉ. नेहा पटेल, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. अखिलेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

सम्मेलन | प्रतियोगिताओ के विजेता हुए सम्मानित

# सम्मेलन में उमड़ा महिला रेल कर्मियों का सैलाब



**जबलपुर, नवभारत।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ (डबलूसीआरएमएस) द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रेल महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से तीन दिवसीय महिला सम्मेलन का विगत दिवस उमंग समुदायिक भवन में रंगा रंग समापन हुआ। प्रथम दिन रंग पंचमी के शुभअवसर पर रेल कर्मी महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर रंग गुलाल लगा नृत्य कर सेलीब्रेट किया। 10 मार्च को मेंहदी, रंगोली, हेयर स्टाइल ग्रुमिंग प्रतियोगिताए, आयोजित हुई । रंगोली में सपना कुपाले प्रथम, रिनी सोनी द्वितीय, सोनाली ने तृतीय, मेंहदी में विशाखा पटेल को प्रथम आकांक्षा को द्वितीय, रामेश्वरी ने तृतीय, हेयर स्टायलिंग ग्रुमिंग में निशा गौतम प्रथम, रिनी सोनी द्वितीय, किरन कुशवाहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला उपाध्यक्ष सविता त्रिपाठी ने स्वागत भाषण में कहा कि संघ रेल कर्मी महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए दिन रात काम कर रहा है। समापन समारोह महामंत्री अशोक शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में मनजीत कौर प्रमुख वित्त सलाहकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्णिमा जैन डिप्टी सीपीओ, ललिता लाल सहायक नर्सिंग ऑफिसर, विनीता सिंह यादव (जिला सचिव) महिला कांग्रेस, मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला की गरिमायी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खचाखच भरे हॉल में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओ को शानदार उपहार देकर सम्मानित किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, हर्ष वर्मा, सतीश कुमार, रोशन सिंह यादव, दुर्गा तिवारी, डॉली सक्सेना, बॉबी धोलपुरे, भूपत सिंह, देवी यादव, शरद कुमार, अफजल हाशमी, अंकित कुमार, रवि पाल, रवि नायडू, संगीता गुहरा, अपराजिता सिंह, दीपक केसरी, वंदना, माधुरी मिश्रा, निशा मालया, सिया पचैरी, राखी जाटव, सरला दीपिका डिंपल, चंद्रकला, समेत सेकड़ो महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन धीरज अग्रवाल ने किया।

### जीपीएफ संबंधी समस्या के निराकरण के लिए शिविर 16 को

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल की विभिन्न उत्तरवर्ती कंपनियों से सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के सामान्य भविष्यनिधि भुगतान या अंतिम या अनंतिम आहरण आदि से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में एक शिविर का आयोजन 16 मार्च को किया गया है। शिविर का आयोजन विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर में स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा सामान्य भविष्यनिधि के अंतिम भुगतान की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित समस्याओं का निराकरण और जीपीएफ पार्ट फाइनल एवं ऋण (लोन) आहरण के प्रकरण की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कंपनी ने समस्त उत्तरवर्ती विद्युत कंपनियों के कार्मिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस शिविर का लाभ उठायें।